

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**जन्मदिन पर रजनीकांत ने तिरुपति में लिया आशीर्वाद**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 235 | रविवार 14 दिसंबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# उल्हासनगर मनपा चुनाव में भी होगी महायुति!

- सांसद शिंदे के साथ जल्द होगी हमारी बैठक- राजेश वधारिया
- युति की खबर से कालानी टेंशन में
- युति तोड़ने टीओके शिंदे की शरण में
- सीटों पर भाजपा, शिवसेना, टीओके और साई पक्ष में होगा घमासान
- क्या उल्हासनगर शहर में विरोधी पक्ष बचेगा?
- राकांपा का अलग चुनाव लड़ना तय





**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव में महायुति को लेकर अब विराम लगता हुआ नजर आ रहा है। नागपुर अधिवेशन में भाजपा-शिवसेना ने आगामी मनपा चुनावों पर गठबंधन की घोषणा कर दी है। वहीं उल्हासनगर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने भी कहा कि नागपुर अधिवेशन में हमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने यह आदेश दिया है कि भाजपा व शिवसेना मिलकर मनपा चुनाव लड़ेगी। उसके बाद मुझे सांसद श्रीकांत शिंदे का फोन आया है और बहुत ही जल्द महायुति की बैठक होगी जिसमें आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तय की जाएगी।

वहीं यह महायुति कालानी के लिए सबसे बड़ा झटका साबित होगी क्योंकि कालानी भाजपा से बदला लेना चाह रहे थे वो अब युति होने से मुमकिन नहीं होगा। अपना वर्चस्व बचाने के लिए दोस्ती का गठबंधन करने वाले कालानी अब युति तोड़ने के लिए ठाणे के शिंदे दरबार में शाम को बैठक करने पहुंचे और भाजपा से युति न करने पर जोर दिया है। वहीं भाजपा छोड़ कालानी की ओर जो गए हैं उन्हें भी बदलते समीकरण का सामना करना पड़ेगा। अब अगर युति होती है तो सीटों को लेकर भाजपा, शिवसेना, टीओके और साई पक्ष के बीच जमकर घमासान तो जरूर होगा। टीओके और साई पक्ष को कई सीटों पर महायुति के कारण चुप्पी साधनी होगी। ऐसे में क्या टीओके व साई पक्ष अलग से चुनाव लड़ेगी यह तो आगामी समय में साफ हो जाएगा। वहीं महायुति का हिस्सा रहे राकांपा के अलग चुनाव लड़ने की ही खबर है क्योंकि मनपा चुनाव में महायुति ने राकांपा को अलग रखा है। ऐसे में अब महायुति की लड़ाई उनसे होगी जिन्हें टिकट नहीं मिलेगा और नाराज युवा उम्मीदवार अब राकांपा, कांग्रेस, मनसे, प्रजा कृपा पार्टी, उबाठा के सहारे चुनाव मैदान में उतरेंगे। महायुति विरोधी पक्ष मुक्त करने का जो खेल खेल रही है उससे क्या विरोधी पक्ष शहर में बचेगा इस पर चर्चा शुरू हो गई है।

फिलहाल शहर में राजनीति का समीकरण आगामी चुनाव में बदल गया है।

### गंगोत्री के साथ चुनावी बैठक में पुरस्वानी व सुखरामानी



राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री के कार्यालय में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जमनू पुरस्वानी व महेश सुखरामानी आगामी चुनावी गठबंधन के तहत शिवसेना शिंदे गुट की तरफ से आगामी चुनावी में युति गठबंधन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में तीनों नेताओं ने सकारात्मक चर्चा तो की लेकिन शहर भर में यह चर्चा है कि दोनों नेता शिवसेना की तरफ से बैठक करके आए या टीओके की तरफ से क्योंकि दोनों सेना के नेता बताए जाते हैं लेकिन दोनों ही टीओके के कार्यक्रमों में नजर आते हैं। इतना ही नहीं जमनू पुरस्वानी टीओके के चुनाव प्रमुख भी बनाए गए हैं।

# अंबरनाथ में पानी के लिए हाहाकार



- जलापूर्ति विभाग में लोगों की नारेबाजी
- कार्यालय को ताला ठोंकने की थी तैयारी

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में हो रही पानी की परेशानी को देखते हुए वांद्रा पाड़ा, सुभाषवाड़ी के निवासियों ने शिवसेना नेता के नेतृत्व में जलापूर्ति विभाग के कार्यालय का घेराव करके ताला ठोंकने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन अधिकारियों द्वारा जलापूर्ति को नियमित किए जाने एवं पाइप लाइन की दुरुस्ती के लिए मजदूरों को तुरंत भेजने का विश्वास दिलाने के बाद कार्यालय को तालाबंद करने का कार्यक्रम आगे धकेल दिया.

विदित हो कि एक हफ्ता पूर्व शिवसेना के नेता विकास सोमेश्वर, राहुल सोमेश्वर ने मजीप्रा कार्यालय को एक पत्र देकर बताया था कि वांद्रा पाड़ा, सुभाषवाड़ी, प्रभार चाल में देर रात को जलापूर्ति की जाती है. कम दबाव से गंदा पानी आता है. उस समय अधिकारियों ने उनसे जल्द इस मसले का हल निकालने का वादा किया था, लेकिन ये गंभीर मामला ज्यों का त्यों कायम था. इसलिए शुक्रवार को परिसर की कई महिलाओं, पुरुषों ने हेमराज ब्रदर्स के नेतृत्व में जलापूर्ति कार्यालय पर मोर्चा ले जाकर कार्यालय में अधिकारियों के दरवाजे के समक्ष धरना देकर बैठ गए. पानी दो- पानी दो एवं जलापूर्ति विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाए गए. उप कार्यकारी अभियंता सुनिल पुंड ने आक्रामक लोगों को समझाने का प्रयत्न किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे. विकास हेमराज ने कहा कि जब तक जलापूर्ति विभाग पानी नहीं दे सकता तो विभाग को खुला नहीं रखना चाहिए. उन्होंने कार्यालय को ताला लगाने का प्रयास किया. आखिर अधिकारी ने तुलंत स्पॉट पर भेजने के लिए एवं मसले का हल निकालने का आदेश कर्मचारियों को दिया. पाइपलाइन लीकेज दुरुस्ती एवं जलापूर्ति को नियमित शुरू रखने के कार्य की शुरूआत होने पर उन्होंने अपना आंदोलन ये कहते हुए वापस लिया कि अगर निवासियों को नियमित पानी नहीं मिला तो चुनाव के बाद वह मजीप्रा कार्यालय को ताला ठोकेंगे और अधिकारियों के मुंह पर कालिख पोतेंगे.

## चुनाव का 10वीं-12वीं की परीक्षाओं पर असर!

**मुंबई.** टीचर, स्टूडेंट और अभिभावकों को यह डर जता रहे हैं कि राज्य के मनपा चुनाव और 10वीं-12वीं की लिखित परीक्षा, प्रैक्टिस परीक्षा और प्रैक्टिकल परीक्षाएं सभी एक ही समय में होंगी, जिसका असर 10वीं-12वीं की परीक्षाओं पर पड़ेगा। स्टेट बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन की 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से शुरू होगी, जबकि 10वीं-12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी।

प्रैक्टिस और प्रैक्टिकल परीक्षाएं पहले होती हैं। स्कूल और कॉलेज साल भर इसकी तैयारी करते हैं; लेकिन, क्योंकि इस परीक्षा से कुछ दिन पहले राज्य में मनपा चुनाव होने हैं, इसलिए डर है कि अगर इन चुनावों के काम में बहुत सारे टीचर लगा दिए गए, तो इससे इन परीक्षाओं की तैयारी पर असर पड़ेगा, जिसका नुकसान स्टूडेंट को होगा।

# प्रभाग अधिकारी अलका पवार फिर विवादों में

- उल्हासनगर-5 में होतानी के अवैध निर्माण को पूरा संरक्षण



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के प्रभाग 4 की प्रभाग अधिकारी अलका पवार एक बार फिर विवादों में आ गई है। उल्हासनगर शहर में सबसे ज्यादा अवैध निर्माण इसी प्रभाग में हो रहे हैं। नेताजी चौक पर न्यू इंग्लिश स्कूल के पास अधूरी छोड़ी सड़क विवाद में भी पवार के भ्रष्टाचार का पोल खुला है और अब उल्हासनगर-5 में संतोष होतानी नामक ठेकेदार द्वारा बिना निर्माण अनुमति किए गए अवैध निर्माण को प्रभाग अधिकारी का पूरा संरक्षण प्राप्त है। इस अवैध निर्माण की शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई प्रभाग अधिकारी द्वारा नहीं की गई है।

ज्ञात हो कि शिकायतकर्ता कैलाश भंडारी ने बताया कि सीटीएस क्रमांक–31136, उपविभाग भूखंड क्रमांक–3 व 4, यू क्रमांक–60, 61, शीट–76, उल्हासनगर–5 येथील संतोष होतानी द्वारा बिना निर्माण अनुमति किए गए अवैध निर्माण के संबंध में शिकायत की है। निर्माण अनुमति स्वीकृत न होने के बावजूद, इस अवैध निर्माण स्थल पर निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। सूचना के अधिकार अधिनियम (RTI) के अंतर्गत यह स्पष्ट है कि उक्त निर्माण हेतु कोई भी अनुमति प्रदान नहीं की गई है। इसके बावजूद, ऑनलाइन अभिलेखों में नक्शा स्वीकृत दिखाया जा रहा है, जो भ्रामक और गलत है। RTI के अंतर्गत प्राप्त दस्तावेजों से यह स्पष्ट होता है कि अनुमति अभी लंबित है तथा नक्शे पर प्रभाग कार्यालय का कोई जावक क्रमांक भी नहीं है।

यह भी पता चला है कि संबंधित मालिक ने केवल लाइसेंसधारी वास्तुविशारद रविंद्र पवार के माध्यम से निर्माण अनुमति का ऑनलाइन शुल्क जमा किया है। परंतु RTI के अंतर्गत प्राप्त फाइल में उपलब्ध पत्र की बिना प्रभाग अधिकारी के हस्ताक्षर वाली प्रति से यह स्पष्ट है कि उक्त अनुमति प्रभाग समिति द्वारा स्वीकृत नहीं की गई है। इसके पश्चात, मालिक ने दिनांक 03/09/2025 को एक पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें उसने रविंद्र पवार की देखरेख में निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही है, जो नियमों और कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में नियमों और कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एमआरटीपी अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही, बिना ऑनलाइन रिकॉर्ड में नक्शा स्वीकृत कैसे दर्शाया जा रहा है, इसकी भी जांच की मांग की गई है।

## पैनल 8 में राजेश वधरिया के प्रयास से नई पाईप लाईन का हुआ भूमि पूजन



उल्हासनगर। भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व नगरसेवक राजेश वधरिया के प्रयास से पैनल 8 में विकास कार्य जोरों पर चल रहा है। एक तरफ सड़कों का डांबरीकरण किया जा रहा है। वहीं कल नई पानी की पाईप लाईन बिछाने का भूमिपूजन किया गया। पैनल 8 के बैरक नं. 680, 681, 682, 683, 648, बरखा अपार्टमेंट, गुरु तेग बहादुर नगर, महामहेंद्र नगर, गौतम बुद्ध नगर के निवासियों की पानी की समस्या हर होगी। श्री वधरिया ने बताया कि यह नई पाईन लाईन 50 वर्षों तक नहीं खराब होगी और इसमें पानी का प्रेशर भी काफी अच्छा होगा। इस भूमिपूजन के दौरान वार्ड के कई गणमान्य व महिलाएं उपस्थित थी।

## बच्ची से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में पड़ोस में रहने वाली पांच साल की बच्ची के साथ एक युवक ने यौन उत्पीड़न किया है। यह घटना शहर के पूर्वी इलाके में हुई और इस संबंध में शिवाजी नगर पुलिस ने POCSO एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम तरबेज मोहम्मद अब्दुल कलाम अंसारी (22) है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पीड़ित नाबालिग लड़की अंबरनाथ ईस्ट में रहती है और तरबेज, जो झारखंड से अपने पिता के पास काम के लिए आया था, जो उसी इलाके में रहता है, ने यह कहकर उसके साथ यौन उत्पीड़न किया कि वह लड़की को बगीचे में घुमाने ले जा रहा है। आरोपी पीड़ित लड़की को जान से मारने की धमकी देकर भाग भी गया। हालांकि, पुलिस ने पीड़ित लड़की के माता-पिता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## जहरीले सांप से डसवा कर की थी पत्नी की हत्या

- 3 साल बाद पति गिरफ्तार



**बदलापुर.** बदलापुर पूर्व की एक बिल्डिंग में 10 जुलाई, 2022 को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब एक महिला की सांप के डसने से मौत हो गई। इस मामले में एक्सीडेंटल डेथ भी दर्ज की गई थी। हालांकि, जब घटना की आगे जांच की गई, तो पता चला कि यह कोई नेचुरल घटना नहीं थी, बल्कि हत्या की साजिश थी। इस मामले में मृतक महिला के पति और उसके तीन दोस्तों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

तीन साल तक इस हत्या को नेचुरल घटना दिखाने के बाद, पुलिस की जांच ने एक अलग मोड़ ले लिया है। नीरजा अंबरकर अपने पति के साथ बदलापुर ईस्ट के उज्ज्वलदीप अपार्टमेंट में रहती थी। 10 जुलाई, 2022 को सांप के डसने से उसकी मौत हो गई। इस मामले में बदलापुर ईस्ट पुलिस स्टेशन में एक्सीडेंटल डेथ भी दर्ज की गई थी। हालांकि, पुलिस की जांच गलत हो गई और पता चला कि यह एक मर्डर था। नीरजा अंबरकर की मौत की चल रही जांच में, आरोपी ऋषिकेश चालके ने अपनी मर्ज़ी से बयान दिया। उसने क्राइम सीन पर इसे दिखाया भी। इसके साथ ही, गवाह हरीश घाडगे और दीपक वाघमारे ने इस मामले में अपने बयान दिए। इसके आधार पर, पुलिस को यकीन हो गया कि आरोपी ऋषिकेश चालके, चेतन दुधन, कुणाल चौधरी और पति रूपेश अंबरकर ने आपस में साज़िश करके नीरजा रूपेश अंबरकर को सांप से कटवाकर मार डाला। उन्होंने अचानक मौत की झूठी जानकारी देकर क्राइम के सबूत मिटा दिए. पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।

# ठंड से ठिठुर रहा ठाणे जिला

- जिले का पारा और गिरा
- बदलापुर 10.4 डिग्री पर
- दूसरे शहरों में भी कड़ाके की ठंड



**बदलापुर.** ठाणे जिले में शुक्रवार सुबह तापमान और गिर गया। मौसम एक्सपर्ट्स के रिकॉर्ड के मुताबिक, ठाणे जिले में गुरुवार के मुकाबले तापमान कम रहा। यह तापमान न सिर्फ इस सर्दी में बल्कि पूरे साल 2025 में सबसे कम रिकॉर्ड किया गया तापमान बन गया है।

ठाणे जिले के बदलापुर में सबसे कम 10.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। सुबह-सुबह कोहरा, ठंडी हवाएं और सर्द हवा महसूस की गई। कड़ाके की ठंड के कारण लोगों ने गर्म कपड़ों का इस्तेमाल बढ़ा दिया है और कई जगहों पर लोग ठंड का मज़ा लेने के लिए अपने घरों से बाहर निकलते दिखे।

ठाणे, पालघर और मुंबई इलाकों में गुरुवार रात एक बार फिर ठंड का असर बढ़ गया। इस वजह से पारा काफी गिर गया है। ठंड के कारण ठाणे, मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में भी लोगों को ठिठुरन महसूस हुई। सुबह ठंडी हवाएं महसूस की गईं। प्राइवेट मौसम एक्सपर्ट अभिजीत मोडक के मुताबिक, अगले दो दिनों में भी ऐसी ही ठंड रहेगी। उसके बाद टेम्परेचर बढ़ने की संभावना है।

यह भी उम्मीद है कि अगले 48 घंटों में मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों में रात और सुबह कोहरा बना रहेगा। गुरुवार को मुंबई मेट्रोपॉलिटन एरिया के बदलापुर शहर में इस सीजन का सबसे कम टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को भी बदलापुर में सबसे कम मिनिमम टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार सुबह बदलापुर का टेम्परेचर 10.4 डिग्री सेल्सियस था। खास बात यह है कि बदलापुर का टेम्परेचर महाबलेश्वर और माथेरान से भी कम रिकॉर्ड किया गया है, जिन्हें ठंडी जगहें कहा जाता है।

### महाबलेश्वर व माथेरान से भी बदलापुर ठंडा

महाराष्ट्र में महाबलेश्वर और माथेरान ठंडी हवा वाली जगहों के तौर पर जाने जाते हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों के टेम्परेचर रिकॉर्ड के मुताबिक, ठाणे जिले का बदलापुर शहर इन दोनों शहरों से ज़्यादा ठंडा होने की बात सामने आई है। शुक्रवार को महाबलेश्वर में 12.2 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया। जबकि माथेरान में 18 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मुंबईकर लोनावाला को उसके ठंडे माहौल के लिए पसंद करते हैं। शुक्रवार को लोनावाला का तापमान 11.9 डिग्री था। इसलिए बदलापुर, लोनावाला से ज़्यादा ठंडा शहर बन गया है।

### शहर के हिसाब से न्यूनतम तापमान

(डिग्री सेल्सियस में)

| | |
|---|---|
| बदलापुर | 10.4°C |
| कल्याण | 12.8°C |
| उल्हासनगर | 12.5°C |
| डोंबिवली | 13.4°C |
| ठाणे | 14.5°C |
| नवी मुंबई | 14.4°C |
| मुंबई | 14.9°C |
| विरार | 13.1°C |
| वसई | 15°C |
| पनवेल | 12.8°C |
| महाबलेश्वर | 12.2°C |
| लोनावाला | 11.9°C |

# आवारा कुत्तों के लिए 600 फीडिंग स्पॉट बनाए जाएंगे

- सार्वजनिक ठिकानों पर खाना देनेवालों पर होगी कार्रवाई
- अंबरनाथ नपा का फरमान



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में आवारा कुत्तों के लिए विविध परिसर में खाना देने के लिए 600 फीडिंग स्पॉट बनाए जाएंगे. ऐसी जानकारी अंबरनाथ नपा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक सुहास सावंत ने पत्रकारों को दी है. सार्वजनिक ठिकानों पर खाना डालने वाले नागरिकों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. ऐसा इशारा भी अंबरनाथ नपा की ओर से दिया गया है. अंबरनाथ में आवारा कुत्तों के संख्या तेजी से बढ़ रही है. शहर में 8 हजार से भी ज्यादा आवारा कुत्ते हैं. इन कुत्तों की संख्या दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही है. नवंबर 2025 में शहर के 823 लोगों को कुत्तों ने काटा है. हर वर्ष 6 हजार से ज्यादा लोगों को ये आवारा कुत्ते काटकर घायल करते हैं. दो दिन पहले ही हमने आवारा कुत्तों की संख्या और उनके आतंक की खबर को विस्तार से प्रकाशित किया था. शहर पश्चिम में बालाजी नगर, खुंटवली, नालंदा नगर में एक ही दिन में 8 लोगों को कुत्तों ने काटा है. शहरवासियों में डर खौफ का वातावरण है. सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवारा कुत्तों के लिए फीडिंग स्पॉट बनाने का निर्णय नगर परिषद ने लिया है. प्राणी मित्रों से आह्वान किया गया है कि वह शहर में फीडिंग स्पॉट के जगह का सुझाव दें. आवारा कुत्तों के लिए फीडिंग स्पॉट तैयार करने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा. ऐसा सावंत ने बताया है. आवारा कुत्तों के निर्बीजीकरण के कार्य में भी तेजी लाई जाएगी. ऐसा बताया गया है.






**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## बच्चे भी ले रहे हैं नशा

इसमें कोई दोराय नहीं कि इंटरनेट की सुविधा ने दुनिया के दायरे को बहुत छोटा बना दिया है, लेकिन इसके समांतर एक सच यह भी है कि आभासी दुनिया में सोशल मीडिया के बहुतेरे मंचों पर सीमाओं से परे लोगों के बीच संवाद का विस्तार हुआ है, तो यथार्थ के धरातल पर लोग एक-दूसरे से दूर भी होते गए हैं।

यह बहुत संभव है कि आस-पड़ोस के बच्चे सोशल मीडिया के किसी मंच पर तो आपस में दोस्त हों, संवाद करते हों और साथ में कोई गेम खेलते हों, लेकिन वास्तव में वे कभी नहीं मिलते। यानी आभासी दुनिया में बच्चों का दायरा विस्तृत होता है, लेकिन यथार्थ के धरातल पर वे अकेले होते हैं। ऐसे में बिना आहट के एकाकीपन का दंश बच्चों के भीतर उतरता है, जो उन्हें आत्मघाती अवसाद के घेरे में ला दे सकता है। किसी एप के संजाल में फंसे बच्चों के मनोवैज्ञानिक परेशानियों का शिकार होने से लेकर आत्महत्या करने तक की खबरें आती रही हैं।

दुनिया भर में सोशल मीडिया पर अति-सक्रियता के मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभावों के मद्देनजर बच्चों के लिए इसके इस्तेमाल पर रोक लगाने या सीमित करने के सुझाव सामने आते रहे हैं। इस क्रम में आस्ट्रेलिया ने एक ठोस पहल करते हुए अपने यहां सोलह वर्ष से कम के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर बुधवार से पाबंदी लागू कर दी है। हालांकि संदेश भेजने और गेम खेलने वाले कुछ मंचों को इस प्रतिबंध से अलग रखा गया है।

आस्ट्रेलिया में इस सख्त नियम के लागू होने के बाद बच्चों को उनका बचपन वापस मिलने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रतिबंध के लागू होने का स्वरूप क्या है और क्या वास्तव में सोशल मीडिया के संजाल से बच्चे बच सकेंगे।

आज आधुनिक तकनीकी के दौर में इंटरनेट पर मौजूद किसी मंच पर पहुंचने के लिए कुछ बच्चे भी जिस तरह वैकल्पिक और उचित-अनुचित रास्ता निकाल लेते हैं, वैसे में पाबंदी कितनी कामयाब होगी, यह देखने की बात होगी। वहीं सोशल मीडिया के उपयोग के लिए निर्धारित उम्र के प्रमाण के तौर पर अगर किसी दस्तावेज की मांग की जाती है, तो उसकी संवेदनशीलता, सुरक्षा और दुरुपयोग को लेकर नए सवाल खड़े होंगे!

# आतंक से मुक्त माओवादियों का गढ़

देश अब माओवाद से मुक्त हो रहा है। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और सुरक्षा बलों की प्रभावकारी कार्रवाइयों की वजह से यह स्थिति बनी है। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व ने देश को माओवादी आतंक से मुकाबले के निर्णायक दौर तक पहुंचाने की दिशा दिखाई है।

एक ओर राज्य पुलिस बल के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कदमताल करते हुए माओवादियों के गढ़ में हुंकार भर रहे हैं, माओवादियों को आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर रहे हैं तो दूसरी ओर सरकार की योजनाओं का पूरा जोर इन क्षेत्रों के विकास और स्थानीय लोगों के पुनरुत्थान पर केंद्रित है। नतीजन जिस लाल गलियारे में कभी हिंसा और असुरक्षा का साया मंडराता था, वहां आज विकास, शांति और विश्वास की रोशनी दमक रही है।

आंकड़े इसकी गवाही देते हैं कि छत्तीसगढ़ में पिछले 22 महीनों में सुरक्षा बलों ने 487 से अधिक माओवादियों को मार गिराया है, 2240 ने आत्मसमर्पण किया है और 1833 गिरफ्तार किए गए हैं। यह सफलता अपने आप में रिकार्ड है। जिन इलाकों में कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, आज वहां स्कूल, सड़कें, अस्पताल और मोबाइल टावर खड़े हैं। हाल में सेंट्रल कमेटी के बड़े माओवादी नेताओं-सुधाकर, बसवराजू और हिडमा के मारे जाने से छत्तीसगढ़ और इसकी सीमा से लगे अन्य राज्यों में माओवाद का ढांचा पूरी तरह हिल गया है। बीजापुर का कर्रेगुड़ा आपरेशन इस बदलाव का



प्रतीक बन चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित माओवादियों एवं माओवाद प्रभावित लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए देश की सबसे आकर्षक पुनर्वास नीति लागू की है। पुनर्वास ही नहीं, राज्य सरकार की तरफ से आत्मसमर्पित माओवादियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता की भी इस लक्ष्य को पाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके तहत सभी आत्मसमर्पित माओवादियों को तीन वर्षों तक 10,000 रुपये मासिक सहायता की व्यवस्था की गई है। शहरी क्षेत्रों में आवासीय प्लाट और ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि का प्रविधान किया गया है।

सरकार की नीति में यह बड़ा सकारात्मक बदलाव है कि पहले सुरक्षा बलों को मिलने वाला इनाम अब आत्मसमर्पण करने वालों को दिया जा रहा है। और तो और, 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के सामूहिक आत्मसमर्पण पर दोगुना इनाम घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सरेंडर नीति में बदलाव करते हुए वित्तीय सहायता राशि में वृद्धि की है, जिसके परिणामस्वरूप माओवादियों के आत्मसमर्पण में तेजी आई है।

15,000 प्रधानमंत्री आवास आत्मसमर्पित माओवादियों एवं माओवाद पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए निर्माणाधीन हैं। दूरस्थ गांवों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, मोबाइल कनेक्टिविटी और आधारभूत सेवाएं पहले की अपेक्षा अब तेजी से पहुंच रही हैं। 403 गांवों में 81,090 आधार कार्ड, 49,239 आयुष्मान कार्ड, 5,885 किसान सम्मान निधि, 98,319 परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है। 21 नई सड़कें, मोबाइल टावर, उप-स्वास्थ्य केंद्र और उचित मूल्य दुकानों ने जीवन बदल दिया है।

प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर छत्तीसगढ़ का बस्तर मानो अभिशप्त था, लेकिन आज निवेश का नया गंतव्य बन रहा है। नई औद्योगिक नीति, 2024-30 के तहत स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योग, स्टील, फूड प्रोसेसिंग, कृषि उद्योग, डेरी, पर्यटन और वेलनेस सेक्टर में 967 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं। नगरनार स्टील प्लांट के आसपास 118 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र चिह्नित किया गया है।

एमएसएमई और सेवा क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये का निजी निवेश, नए उद्योगों से 2100 से अधिक रोजगार के अवसर खुल रहे हैं। जगदलपुर में 350 बिस्तरों वाला मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल और मेडिकल कालेज स्थापित होने जा रहा है। कुल 700 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाले ये प्रोजेक्ट बस्तर को मेडिकल हब बनाने की दिशा में कदम हैं। इसके साथ ही रोजगार, कौशल और उद्यमिता का विस्तार, 90,273 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, 39,137 युवाओं का नियोजन, आइटी, आटोमोटिव, कंस्ट्रक्शन, सोलर आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

ध्यानाभ्यास इस प्रेम-रहित संसार में प्रेम लाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# ट्रेड डील पर समानता आधारित समझौते की अपेक्षा

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के संबंध में कुछ सकारात्मक संकेत सामने आ रहे हैं, लेकिन इस बीच कुछ आशंकाएं भी जताई जा रही हैं कि क्या इस बातचीत में परस्पर समानता पर आधारित हित सुनिश्चित होने और एक संतुलित समझौते की राह साफ होगी। गौरतलब है कि प्रस्तावित व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की कोशिश के तहत अमेरिकी दल वार्ता के लिए भारत में है। इसी बीच अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर ने कहा कि व्यापार समझौते के संदर्भ में भारत की ओर से 'अब तक के सबसे अच्छे प्रस्ताव' मिले हैं।

माना जा रहा है कि इस बयान का उद्देश्य अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए शुल्क से उपजे गतिरोध को दूर करने की कोशिश करना है। इसकी वजह यह है कि एकतरफा और मनमानी शुल्क नीति के जरिए दबाव बनाने की कोशिश के समांतर व्यापार समझौते के लिए वार्ता में सकारात्मक नतीजों की उम्मीद नहीं की जा सकती। फिर व्यापार वार्ता में गतिरोध की एक मुख्य वजह ही अमेरिका की नई शुल्क नीति रही है। इसलिए यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर अमेरिका के रुख में कितना बदलाव आ पाता है।

रअसल, व्यापार वार्ता के



सकारात्मक दिशा में बढ़ने के मद्देनजर जारी कोशिशों के तहत ही भारत और अमेरिका के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते का सवाल अब एक मुख्य बिंदु है। इससे पहले अमेरिका का रवैया आमतौर पर यही सामने आ रहा था कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो, लेकिन उसकी शर्तों पर। इसी क्रम में उसने शुल्क लगाने के फैसले को दबाव के एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया। उसकी यह मंशा अधूरी रही, क्योंकि नुकसान की तमाम आशंकाओं के बावजूद भारत ने इस मसले पर अपना स्वतंत्र रुख बरकरार रखा।

इसके बावजूद, यह हकीकत है कि अमेरिका के शुल्क लगाने से उपजी परिस्थिति अंतरराष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य पर विपरीत प्रभाव तो डाल ही रही थी। भारत के सामने भी कुछ चुनौतियां खड़ी होने की आशंका बनी रहीं। इसलिए भारत ने थोड़ा व्यावहारिक नीति पर आगे बढ़ते हुए अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने में रुचि दिखाई है, लेकिन इसके पीछे समानता आधारित समझौते की अपेक्षा भी है।

अमेरिकी शुल्कों में कटौती, भारतीय उत्पादों के अमेरिकी बाजार में आसान प्रवेश, रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी, दवा और सेमीकंडक्टर उद्योग आदि व्यापार वार्ता के मुख्य मुद्दों में शामिल हो सकते हैं। मुश्किल वहां आ सकती है, जिसमें अमेरिका भारत से कृषि, डेयरी और डिजिटल नीति के संदर्भ में कई महत्त्वपूर्ण रियायतों पर जोर दे रहा है।

जाहिर है, भारत के लिए थोड़ा सजग रहने का वक्त है, क्योंकि अमेरिका के साथ वार्ता में खासतौर पर कृषि क्षेत्र से जुड़े कई सवाल उभरे हैं। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने यहां के किसानों की आमदनी कम होने के लिए कुछ अन्य देशों सहित भारत के चावल की बिक्री को जिम्मेदार ठहराया।

दूसरी ओर, अगर अमेरिका अपना मक्का, गेहूं, कपास और सोयाबीन जैसे उत्पाद भारतीय बाजारों में निर्यात करता है, तो इससे भारत के छोटे किसानों की आजीविका और खाद्य सुरक्षा पर विपरीत असर पड़ सकता है। इसी तरह, किसी समझौते की स्थिति में भारत को कृषि और जेनेटिकली माडिफाइड, यानी आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर भी छूट देने के मामले में सतर्क रहने की जरूरत है।

# शिप का निचला हिस्सा लाल रंग का क्यों पेंट किया जाता है?

हमारे आसपास ऐसी कई चीजें हैं जो देखने में काफी रोचक और अनोखी लगती हैं मगर हम उनके बारे में ज्यादा नहीं जानते. आज हम

**जरा हट के**

ऐसी ही एक जानकारी आपको देने जा रहे हैं. अगर आपने कभी किसी शिप को नजदीक से देखा हो, या फिर उसके फोटो-वीडियो पर ही गौर किया हो तो आपने नोटिस किया होगा कि अधिकतर शिप का निचला हिस्सा लाल रंग का होता है. क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर ऐसा क्यों है? हाल ही में हमें इसका सही जवाब मिला, तो हमने सोचा कि आपको भी इसके बारे में बताया जाए क्योंकि हमारा दावा है कि शायद कम ही लोगों को इसकी जानकारी होगी.

इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिप के निचले हिस्से के लाल होने की जानकारी दी गई है. इंस्टाग्राम यूजर @riyas_p_c ने इस वीडियो को पोस्ट किया है. वीडियो में बताया गया है कि



लकड़ी के जहाज़ों के दौर में पानी की सतह के नीचे बार्नाकल और काई चिपक जाती थीं, जिससे जहाज़ धीमे हो जाते थे और उनके ढांचे को नुकसान पहुंचता था. इसे रोकने के लिए नाविकों ने तांबे-आधारित लाल पेंट का इस्तेमाल शुरू किया, जो प्राकृतिक रूप से जहाज़ों की रक्षा करता था. आज भी वह लाल रंग बरकरार है और यह सिर्फ परंपरा नहीं है. यह लाल रेखा हमें दूर से ही अंदाज़ा लगाने में मदद करती है कि जहाज़ कितना लदा हुआ है. ये वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल है, इसे 18 लाख व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा कि ये फैक्ट जानना काफी रोचक था. एक ने कहा कि दूसरा कोई रंग इस वजह से नहीं हो सकता था क्योंकि लाल रंग में कॉपर कंटेंट ज्यादा होता है.

ये वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल है, इसे 18 लाख व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा कि ये फैक्ट जानना काफी रोचक था. एक ने कहा कि दूसरा कोई रंग इस वजह से नहीं हो सकता था क्योंकि लाल रंग में कॉपर कंटेंट ज्यादा होता है.

# आलू-कचालू चाट

खाना-खजाना

**हर शहर का अपना अलग खाना है। इन चीजों में खाने की कई डिशेज और स्ट्रीट फूड शामिल हैं। ये टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होते हैं। आज हम एक ऐसे स्ट्रीट फूड के बारे में बता रहें है जो खाने में बेहद चटपटा होता है। ठंड के दिनों में अगर आपको चटपटा खाने की क्रेविंग होती है तो आप आलू-कचालू चाट तैयार कर सकते हैं। ये स्वाद में काफी अच्छी लगती हैं। वहीं जिन लोगों को तीखा खाना पसंद है उन्हें भी ये चाट खूब पसंद आएगी।**

**सामग्री :**

- उबले हुए आलू कचालू
- कटा हुआ टमाटर
- 1 चम्मच बूरा
- 1 बड़ा चम्मच जीरा
- 2 बड़े चम्मच धनिया
- 3 सूखी लाल मिर्च
- 2 बड़े चम्मच काली मिर्च
- नमक स्वादानुसार
- काला नमक
- तैयार मसाला
- लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 कप इमली का रस
- 1/2 नींबू का रस



**विधि :**

आलू-कचालू चाट बनाने के लिए सबसे पहले मसाले को तैयार करें। इसके लिए धीमी आंच पर जीरा, धनिया, साबुत लाल मिर्च, काली मिर्च को सूखा भून लें और फिर उसका पाउडर बना लें। पहले आलू-कचालू को अच्छे से धो लें और फिर इसे उबाल लें। उबलने के बाद थोड़ा ठंडा होने पर, इसे छीलकर गोल स्लाइस में काट लें। अब एक कटोरे में आलू-कचालू और टमाटर लें। फिर इसमें बनाए हुए मसाले को डालें। इसी के साथ इसमें नमक, थोड़ा इमली का रस, नींबू का रस और थोड़ा बूरा डालें। इन सबको बहुत अच्छे से मिलाएं और फिर सर्व करें। आप चाहें को इसमें चाटमसाला भी मिला सकते हैं। इस चाट को सजाकर सर्व करना चाहते हैं तो इसके ऊपर बारीक सेव और हराधनिया डाल सकते हैं। इसके अलावा अनार के भी कुछ दाने डालें।

# प्रोटीन का असली राजा कौन?
## उबला अंडा या मसालेदार ऑमलेट?

अंडा प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स होता है। यही वजह है कि यह कई लोगों के नाश्ते का हिस्सा होता है। सिर्फ भारत में भी नहीं, बल्कि दुनियाभर में अंडे नाश्ते का एक लोकप्रिय ऑप्शन है। लोग इसे अपनी पसंद के मुताबिक खाते हैं। कुछ लोग ऑमलेट खाना पसंद करते हैं, तो कुछ लोग उबले अंडे खाते है। हालांकि, मन में अक्सर यह सवाल रहता है कि उबले अंडे और ऑमलेट में से क्या ज्यादा बेहतर है। दोनों ही प्रोटीन और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, लेकिन इन्हें पकाने का तरीका, उसमें डाली गई सामग्री और मात्रा यह तय करती है कि आपका भोजन असल में कितना हेल्दी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे उबले अंडे और ऑमलेट में से क्या ज्यादा ज्यादा बेहतर है?

### उबला अंडाः सिंपल और हेल्दी ऑप्शन

उबले अंडे को इसके सबसे स्वास्थ्यवर्धक रूपों में से एक माना जाता है। इन्हें बिना तेल या मक्खन के पकाया जाता है, जिससे इनमें कैलोरी की मात्रा कम रहती है। एक उबले अंडे में लगभग 70 कैलोरी होती है और यह प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है।

ऐसे में जो लोग वजन कम करना चाहते हैं या लाइट मील खाना चाहते हैं, उनके लिए उबले अंडे एक बेहतर ऑप्शन हो सकते हैं। इन्हें कहीं साथ ले जाना और चलते-फिरते खाना भी काफी आसान होता है।

### ऑमलेटः टेस्टी ऑप्शन



ऑमलेट कई लोगों को बेहद पसंद होता है और यह टेस्टी होने के साथ-साथ पेट भरने वाला भी होता है, लेकिन इसे पकाने के लिए अक्सर तेल, मक्खन या घी का इस्तेमाल किया जाता है। इससे इसकी कैलोरी की मात्रा बढ़ सकती है। सिर्फ अंडे से बना सिंपल ऑमलेट हेल्दी हो सकता है, लेकिन पनीर, आलू या ज्यादा तेल मिलाने पर यह हैवी हो जाता है।

हालांकि, आप इसमें पालक, टमाटर, प्याज या शिमला मिर्च जैसी सब्जियां मिलाकर इसे और भी हेल्दी बना सकते हैं, जिससे यह फाइबर और विटामिन से भरपूर हो जाता है।

### कौन ज्यादा बेहतर

**कैलोरीः** उबला अंडे में आमतौर पर कौलोरी कम होती है। जबकि ऑमलेट में इसकी मात्रा ज्यादा होती है।

**फैट की मात्राः** उबले अंडे में तेल का इस्तेमाल न होने के कारण फैट कम होती है।

**प्रोटीनः** दोनों में लगभग समान प्रोटीन होता है।

**अन्य पोषक तत्वः** दोनों में विटामिन बी12, विटामिन डी और आयरन होता है।

### वजन घटाने के लिए सबसे अच्छा विकल्प

कुछ मिलाकर देखा जाए, तो उबले अंडे लाइट होते हैं, जबकि ऑमलेट को अगर हेल्दी तरीके से पकाया जाए तो यह पोषक तत्वों के साथ ज्यादा पौष्टिक भी हो सकता है। वजन कम करने वालों के लिए उबले अंडे आमतौर पर बेहतर होते हैं, क्योंकि इनमें कैलोरी और फैट कम होता है। हालांकि, अगर आप ऐसा नाश्ता चाहते हैं जो आपको लंबे समय तक पेट भरा रखे, तो कम तेल में बना सब्जी का ऑमलेट भी खा सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ** : अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम के कार्य टालें।

**मिथुन** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। भाइयों से सहयोग मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क** : बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा। थकान रहेगी।

**सिंह** : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। प्रमाद न करें।

**कन्या** : पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें।

**तुला** : कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। अज्ञात भय रहेगा। अनहोनी की आशंका रहेगी। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**वृश्चिक** : फालतू खर्च होगा। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु** : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अज्ञात भय रहेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर** : योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कुंभ** : राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। समय की अनुकूलता मिलेगी।

**मीन** : नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा। निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घर पर बनाएं नेचुरल हेयर प्रोटीन मास्क

### पहले इस्तेमाल में ही दिखेगा फर्क

हमारे बाल केरेटीन नाम के एक प्रोटीन से ही बना है और इसकी सेहत में प्रोटीन की भूमिका काफी अहम मानी जाती है। चाहे आपके बाल हीट स्टाइलिंग, कलर ट्रीटमेंट की वजह से या फिर ज्यादा स्टाइलिंग की वजह से कमजोर, बेजान हो गए हों, प्रोटीन इसमें आपकी मदद कर सकता है।

साथ ही उनमें मॉइश्चर कम हो गया हो, तो प्रोटीन से भरपूर डाइट के साथ-साथ प्रोटीन युक्त प्रोडक्ट और होम रेमेडी आपके लिए मददगार हो सकते हैं। आइए, जानते हैं बालों पर प्रोटीन कैसे काम करता है और कैसे आप घर पर भी बेहतर प्रोटीन मास्क तैयार कर सकते हैं।

### ऐसे बालों के लिए ज्यादा फायदेमंद

- पतले और केमिकल से ट्रीट किए गए बाल
- घुंघराले बाल
- दोमुंहे कमजोर बाल
- प्रोटीन ट्रीटमेंट के लिए

अगर आप सलून की बजाय घर पर अपने बालों को प्रोटीन का



पोषण देना चाहते हैं तो ऐसा शैम्पू, कंडीशनर और मास्क लें जिनमें केरेटीन, व्हीट प्रोटीन, सोय प्रोटीन, सिल्क प्रोटीन और राइस प्रोटीन जैसे तत्व मौजूद हों। ऐसे प्रोडक्ट से आपके डैमेज बालों को पोषण देने में मदद मिल सकती है।

### नेचुरल पोषण के लिए

प्रोटीन युक्त मास्क बनाने के लिए आप घर पर ही मौजूद चीजों से इसे तैयार कर सकते हैं:

### एग-योगर्ट मास्क

अंडे के सफेद भाग में काफी मात्रा में प्रोटीन होता है, खासकर केरेटीन। इससे बालों को मजबूती मिलती है और वो मुलायम बनते हैं। इसे बनाने के लिए अंडे का सफेद भाग और दही को फेंट लें और आधे घंटे के लिए सिर पर लगाकर रखें। अब पानी से धोकर शैम्पू और कंडीशनर कर लें।

### योगर्ट-हनी मास्क

अपने बालों की लेंथ के हिसाब से 3-4 चम्मच दही और 1 चम्मच शहद लेकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसे बालों के बीच लेंथ से लेकर आखिरी छोर तक लगाएं। 15-20 मिनट तक इसे लगा रहने दें और गुनगुने पानी से धोकर कंडीशनर लगा लें।

### कोकोनट मिल्क मास्क

रूखे, बेजान बालों पर नारियल का दूध काफी कमाल का असर दिखाता है। यह फैटी एसिड से भरपूर होता है और बालों को भरपूर पोषण प्रदान करता है। इससे बालों में प्रोटीन की कमी पूरी करने और डैंडर्फ को कम करने में मदद मिलती है। इसे बनाने के लिए आपको एक छोटी कटोरी में 3-4 चम्मच कोकोनट मिल्क को गरम करना है। इससे स्कैल्प की मसाज करें और रातभर टॉवेल से रैप करके रखें। अगले दिन शैम्पू और कंडीशनर लगाकर बालों को धो लें। हफ्ते में दो बार कोकोनट मिल्क का इस्तेमाल बेहतर रिजल्ट दे सकता है।

# धुंध और प्रदूषण के मौसम होती है परेशानी?

**सर्दियों के मौसम में अक्सर धुंध और कोहरे की वजह से प्रदूषण का स्तर हाई रहता है. हवा में मौजूद प्रदूषण वाले तत्व लोगों के फेफड़ों पर असर डालते हैं. ऐसे मौसम में लोग अक्सर खांसी, सांस फूलना, गले में जलन और दमा जैसे लक्षणों से ज्यादा परेशान होने लगते हैं. इन लोगों को राहत देने के लिए शहर के डाइटिशियन नितिन कुमार ने बताया कि रोजमर्रा के खाने में कुछ प्राकृतिक चीजें शामिल करना फेफड़ों को काफी राहत दे सकता है.**



सर्दियों में हल्दी का सेवन करना बेहद जरूरी होता है. एक ऐसी चीज है जो लगभग हर घर में मिल जाती है. इसमें मौजूद कर्क्यूमिन तत्व होता है जिसमें एंटीइन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं. यह सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में बेहद असरदार है. यही वजह है कि हल्दी वाले दूध या हल्दी को खाना पकाने में इस्तेमाल करना इस मौसम में काफी फायदेमंद माना जाता है.

अदरक भी इस मौसम में काफी कारगर माना जाता है. अदरक में पाए जाने वाले जिंजरॉल और शोगॉल जैसे तत्व फेफड़ों के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है.

कुछ शोध बताते हैं कि अदरक हवाई नालियों की सिकुड़न को कम करती है और सांस लेने में आसानी देती है. अदरक से खांसी और गले की खराश में राहत मिलती है.

तुलसी कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर होती है. इसमें एंटीमाइक्रोबियल और इम्यूनिटी बढ़ाने वाले गुण मौजूद रहते हैं, जो शरीर से गंदगी को बाहर निकालने में मदद करते हैं. तुलसी की पत्तियां चबाने या तुलसी की चाय पीने से फेफड़ों को आराम मिलता है और सांस से जुड़ी परेशानियां कम होती हैं. हालांकि डायबिटीज, थायरॉइड या खून पतला करने की दवा लेने वाले लोगों को एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पापा और बुआ ने मम्मा को मार डाला

**प्रतापगढ़.** पापा और बुआ ने मम्मा को मार डाला..उनको जहर दे दिया, मर गई मेरी मम्मा...तोतली भाषा में यह बातें चार साल के मासूम ने कहीं तो कलेजा कांप उठा। दरअसल, पति से झगड़ने के बाद एक महिला ने गुरुवार को जहर खाकर जान दे दी थी। प्रतापगढ़ जिले की रहने वाली 26 वर्षीय मोनिका उर्फ रोली दुबे की शादी 26 फरवरी 2020 को झांसी शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के नगरिया कुआं के रहने वाले शिवम द्विवेदी के साथ हुई थी। इनका चार साल का एक बेटा भी है। बीते दिनों रोली ने शिवम से घर के खर्च और बेटे की स्कूल फीस के लिए रुपये मांगे। इसी बात को लेकर दोनों में बुधवार को खूब झगड़ा हुआ था। आहत रोली ने गुरुवार को जहर खा लिया। अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई।

### यूपी में एक और सिपाही ने की आत्महत्या

**लखनऊ.** यूपी में एक और सिपाही ने आत्महत्या कर ली। अलीगढ़ में महिला सिपाही के बाद अब लखनऊ के भीमनगर छोटा बरहा में सिपाही बालकृष्ण (27) ने फांसी लगा ली। वह यहां किराए पर रहते थे और दो साल से आलमबाग थाने में तैनात थे। दो महीने बाद फरवरी में बालकृष्ण का विवाह होना था। पुलिस अधिकारियों और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन किए। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। आलमबाग थाने के एडिशनल इंस्पेक्टर फूलचंद्र के मुताबिक बालकृष्ण मूल रूप से अलीगढ़ के पिसावा के रहने वाले थे। यहां भीमनगर छोटा बरहा में थाने के सिपाही विनोद कुमार के साथ राकेश सिंह के मकान में किराए पर रहते थे।

### मां की गोद से मासूम को दबोच ले गया भेड़िया

**बहराइच.** यूपी के बहराइच में खूंखार भेड़ियों के हमले लगातार हो रहे है। शनिवार की भोर में ननिहाल आई डेढ़ वर्षीय मासूम को मां की गोद में सो रही बेटी को भेड़िया दबोच कर भाग गया। बेटी की तलाश में परिजन व ग्रामीण खाक छान रहे है। वन व पुलिस विभाग की टीमें भी पहुंच गई है। कैसरगंज थाने के गोड़हिया नम्बर चार निवासी राम कुंवारे यादव की पत्नी अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी पिंकी के साथ मायके जरूआ गांव आई थी। शनिवार भोर में मां बेटी चारपाई पर सोई हुई थी। इसी दौरान घर में घुसे भेड़िया पिंकी को दबोच कर भाग गया। मां की आंख खुली वह भेड़िया के पीछे शोर मचाते भागी। तब तक भेड़िया आंखों से ओझल हो गया। शोर पर परिजनों व ग्रामीणों ने बेटी की तलाश शुरू की। सूचना पर एसएचओ बृजेन्द्र कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे। कैसरगंज रेंजर ओंकार नाथ यादव व उनकी टीम बेटी की तलाश में गन्ने के खेतों में तलाश कर रहे है।

### पंचायत चुनाव से पहले खूनी खेल, दुकानदार की गोली मारकर हत्या, प्रधान पर आरोप

**बागपत.** बागपत में कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में शनिवार की सुबह 5 बजे बदमाशों ने गांव के 55 वर्षीय एक दुकानदार ऋषिपाल को गोली मार दी। गोली लगते ही दुकानदार गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा, जिसे परिजन और ग्रामीण अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी संख्या में लोग जुट हो गए। हत्या का आरोप प्रधान पर लग रहा है। ऐसे में कहा जा रहा है कि पंचायत चुनाव से पहले ही खूनी खेल शुरू हो गया है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी है।

# भारत के लिए जीने का समय, मरने का नहीं

## भागवत बोले- हर इंसान में देशभक्ति जरूरी; यहां 'तेरे टुकड़े होंगे' जैसी भाषा नहीं चलेगी

**श्री विजया पुरम.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि देश को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए। यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं। हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए। यहां 'तुम्हारे टुकड़े-टुकड़े होंगे' जैसी भाषा नहीं चलेगी।

भागवत, अंडमान में दामोदर सावरकर के गीत 'सागर प्राण तलमाला' की 115वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आज समाज में छोटी-छोटी बातों पर टकराव दिखता है कि हम कैसा सोचते हैं। एक महान देश बनाने के लिए, हमें सावरकर के संदेश को याद करना होगा।

भागवत ने यह भी कहा कि सावरकर जी ने कभी नहीं कहा कि वह महाराष्ट्र से हैं या किसी खास जाति के हैं। उन्होंने हमेशा एक राष्ट्र की सोच सिखाई। हमें अपने देश को ऐसे सभी टकरावों से ऊपर रखना होगा। हमें यह मानना होगा कि हम सब भारत हैं।

इस दौरान द्वीप समूह के बेओदनाबाद में विनायक दामोदर सावरकर की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में भागवत के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री आशीष शेलार, पद्मश्री हृदयनाथ मंगेशकर, एक्टर रणदीप हुड्डा और शरद पोंक्षे, डॉ. विक्रम संपत भी मौजूद थे।




### भागवत का बयान, 2 बड़ी बातें...

- हमें अपने मतलब को दूर रखना होगा और तभी हम सावरकर जी का सपना पूरा कर पाएंगे। सावरकर जी ने बिना किसी स्वार्थ के भारत के लिए काम किया। हम जो भी करें, अपने देश के लिए करें और तभी हम इसे विश्व गुरु बना सकते हैं।
- हम सभी को वह दर्द महसूस करना चाहिए जो सावरकर ने देश के लिए महसूस किया था। हमें जो भी करना है, उसमें हमेशा अपने देश को सबसे पहले ध्यान में रखना चाहिए। प्रोफेशनल बनें, पैसा कमाएं लेकिन देश को न भूलें। देश बनाने के लिए साधु बनना जरूरी नहीं है।

# हर साल 2 लाख लोग छोड़ रहे भारतीय नागरिकता




- 5 साल में 9 लाख विदेश में बसे
- सरकार ने कहा- 2021 के बाद संख्या बढ़ी

भारतीय नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विदेश मंत्रालय ने संसद को बताया है कि पिछले 5 सालों में करीब 9 लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी है।

राज्यसभा में जवाब देते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कहा- 2011 से 2024 के बीच लगभग 21 लाख भारतीयों ने विदेशी नागरिकता अपनाई। 2021 के बाद नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या में बड़ा उछाल देखने को मिला। जहां कोरोना महामारी के वर्ष 2020 में यह आंकड़ा घटकर 85 हजार के करीब रह गया था, वहीं इसके बाद यह संख्या 2 लाख के आसपास पहुंच गई।

### 3 साल में 5,945 भारतीय मिडिल-ईस्ट से लौटे

सरकार ने बताया कि पिछले 3 वर्षों में सुरक्षा कारणों से मिडिल ईस्ट के देशों से 5,945 भारतीय नागरिकों को निकाला गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में बताया कि इनमें इजराइल से 'ऑपरेशन अजय' और ईरान-इजराइल से 'ऑपरेशन सिंधु' शामिल हैं। इसके अलावा कुवैत अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों के शव भी भारत लाए गए।

### शिक्षाः सुधा मूर्ति ने रखा 3 से 6 वर्ष के बच्चों को मुफ्त शिक्षा का प्रस्ताव

राज्यसभा की मनोनीत सांसद सुधा मूर्ति ने 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए मुफ्त, अनिवार्य शिक्षा और देखभाल की गारंटी देने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने संविधान में नया अनुच्छेद 21बी जोड़ने की मांग की।

# पाकिस्तान में भी पढ़ाई जाएगी गीता-महाभारत

- बंटवारे के बाद पहली बार शुरू हुआ संस्कृत का कोर्स

**लाहौर.** भारत और पाकिस्तान भले ही कभी एक ही रहे हों लेकिन आज दोनों देश के बीच राजनीतिक दूरियां इतनी बढ़ गई हैं कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर दोनों देश एक दूसरे के दुश्मन बन गए हैं। वहीं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दोनों देशों की संस्कृति एक ही बीजे से उपजे हुए दो पौधों की तरह है जिसमें समानता को कभी खत्म नहीं किया जा सकता है। बंटवारे के बाद पहली बार है जब पाकिस्तान के किसी विश्वविद्यालय में संस्कृति का कोर्स शुरू किया गया है। इतना ही नहीं तैयारी यह भी है कि आने वाले समय में पाकिस्तान में भी भगवद्गीता और महाभारत की शिक्षा दी जाएगी।

लाहौर यनिवर्सिटी ऑफि मैनेजमेंट साइंसेज (LUMS) ने पारंपरिक भाषाओं के चार क्रेडिट कोर्स शुरू किए हैं। इसमें से एक संस्कृत भी है। फोरमैन क्रिश्चियन कॉलेज में समाजशास्त्र के असोसिएट प्रोफेसर डॉ. शाहिद रशीद के प्रयासों से यह सं हो बपाया है। वह खुद भी संस्कृत के विद्वान हैं।

# जंग भाषणों से नहीं एक्शन से जीती जाती

## CDS बोले- पाकिस्तान हमेशा जीत के झूठे दावे करता रहा है, हमें हमेशा सर्तक रहना होगा



**नई दिल्ली.** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि युद्ध केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई से जीते जाते हैं।

CDS तेलंगाना के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी में ऑटम टर्म दिसंबर 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा- खाली शब्दों और प्रतीकात्मक दावों से ताकत साबित नहीं होती। अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं।

उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि हाल के समय में वहां झूठे जीत के दावे और सोशल मीडिया प्रचार देखने को मिले, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और रही है।

### 29 नवंबरः हर दिन बदल रहे युद्ध के तरीके

जनरल अनिल चौहान ने 29 नवंबर को नई दिल्ली के सैम मॉनेकशॉ सेंटर में चल रहे चाणक्य डिफेंस डायलॉग में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि युद्ध लगातार खुद को बदलता और बनाता रहता है। जो कॉन्सेप्ट भविष्य के लगते हैं, वे लागू होने से पहले ही पुराने भी हो सकते हैं।

यह एक ऐसा रिस्क है जो सेना को उठाना पड़ता है। इसलिए फ्यूचर वॉरफेयर के मुताबिक अंदाजा लगाना, तैयारी करना हमारे अस्तित्व से जुड़ जाता है। इसका दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है।

### CDS की 2 बड़ी बातें...

- नए अधिकारी ऐसे समय सेवा में आ रहे हैं, जब ऑपरेशन 'सिंदूर' जारी है। मौजूदा सुरक्षा माहौल में हर समय सतर्कता, फुर्ती और तैयार रहना जरूरी है। सैन्य सेवा केवल संकट के क्षणों तक सीमित नहीं होती, बल्कि लगातार तैयारी ही सफलता की कुंजी है।
- सतर्कता, तत्परता और पेशेवर रवैया ही युद्ध के समय ही नहीं, पूरे सेवा काल में सफलता तय करेगा। भारत की मजबूती मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर टिकी है।

# बंगाल SIR- वोटर लिस्ट से 58 लाख नाम हटे

- ममता की भवानीपुर सीट में 44 हजार नाम डिलीट
- साउथ 24 परगना जिले से 8 लाख नाम कटे



### कोलकाता पोर्ट से 74 हजार नाम हटे

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य के 294 असेंबली एरिया में से सबसे ज्यादा नाम कोलकाता के चौरंगी और कोलकाता पोर्ट जैसे क्षेत्रों में कटे हैं। चौरंगी विधानसभा क्षेत्र में 74,553 नाम हटाए गए। यहां से से तृणमूल MLA नयना बंद्योपाध्याय हैं।

**कोलकाता.** चुनाव आयोग (EC) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के पहले फेज के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक, राज्य में 58 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं।

सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट से 44,787 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। यहां जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट से 10,599 नाम हटाए गए। यहां SIR से पहले 2,78,212 वोटर थे। जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8 लाख 16 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए है। यह इलाका TMC सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

दूसरी तरफ, बंगाल भाजपा के को-इंचार्ज अमित मालवीय ने दावा किया है कि CM ममता बनर्जी ने 11 दिसंबर को पहले फेज के आखिरी दिन अपना SIR फॉर्म भर दिया है। मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कहा- ममता ने कुछ ही घंटे पहले एक रैली से झूठा दावा किया था कि वे फॉर्म जमा नहीं करेंगी।

कोलकाता पोर्ट से कुल 63,730 नाम हटाए गए। इसका प्रतिनिधित्व सीनियर मंत्री फिरहाद हकीम करते हैं। वहीं मंत्री अरूप बिस्वास के टॉलीगंज में 35,309 नाम हटे। सबसे कम नाम बांकुरा जिले के कोतुलपुर से हटाए गए, जहां 5,678 नाम हटाए गए।

चुनाव आयोग ने बताया कि वोटर की मौत, दूसरी जगह शिफ्ट होना और डुप्लीकेट एंट्री के कारण उनके नाम लिस्ट हटाए गए हैं।

### मेसी के कार्यक्रम का आयोजक गिरफ्तार

**कोलकाता.** कोलकाता पुलिस ने अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी की शनिवार की यात्रा से जुड़े इवेंट के आयोजक को गिरफ्तार कर लिया है। यह इवेंट साल्ट लेक स्टेडियम में हुआ था, जहां मेसी केवल कुछ मिनट ही रुके। ज्यादातर दर्शकों को वह ठीक से दिखाई भी नहीं दिए, जिससे प्रशंसक हिंसक हो गए। अतिरिक्त डीजीपी जावेद शमीम ने आयोजक की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया, 'FIR दर्ज कर ली गई है और मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है।' स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सतद्रु दत्ता है। दत्ता को आयोजन के मिसमैनेजमेंट के आरोप में कोलकाता एयर पोर्ट से अरेस्ट में लिया गया.

# यूपी बीजेपी अध्यक्ष के लिए पंकज चौधरी का नामांकन

- सीएम योगी और केशव मौर्य बने प्रस्तावक



**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (BJP) के 18वें अध्यक्ष के चुनाव के लिए चल रही अटकलों पर आज उस वक्त विराम लग गया, जब केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पंकज चौधरी के नाम का प्रस्ताव किया। संगठन चुनाव प्रभारी महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि पंकज चौधरी ने चार सेट में अपना नामाकन पत्र दाखिल किया है। इन पर योगी आदित्यनाथ और केशव मौर्य के अलावा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, स्मृति ईरानी, स्वतंत्र देव सिंह, दारा सिंह चौहान, एके शर्मा, कमलेश पासवान और असीम अरुण ने बतौर प्रस्तावक हस्ताक्षर किए हैं। पार्टी के घोषित कार्यक्रम के अनुसार, शनिवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का दिन था। सुबह से ही लखनऊ स्थित बीजेपी मुख्यालय पर गहमागहमी रही। शनिवार सुबह तक दिल्ली में रहे पंकज चौधरी लखनऊ पहुंचे और वहां से पार्टी कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र भरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े और महेंद्र नाथ पांडेय पहले से मौजूद रहे। विनोद तावड़े की उपस्थिति में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने और CM तथा उपमुख्यमंत्री जैसे शीर्ष नेताओं के प्रस्तावक बनने से यह साफ हो गया है कि पंकज चौधरी का नाम केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सर्वसम्मति से तय किया गया है।

# टी-20 वर्ल्ड कप के सभी मैच जियोस्टार पर दिखेंगे




- ICC ने एग्रीमेंट टूटने की रिपोर्ट्स का खंडन किया
- कहा- वर्ल्ड क्लास कवरेज पर फोकस

अगले साल होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप जियोस्टार पर ही प्रसारित होगा। ICC और ब्रॉडकास्टर जियोस्टार ने शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि जियोस्टार भारत में ICC का आधिकारिक मीडिया राइट्स पार्टनर बना हुआ है। काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं।

बयान में आगे कहा गया कि भारतीय फैंस को आगामी ICC इवेंट्स की बिना रुके, वर्ल्ड-क्लास कवरेज देने पर फोकस है। इसमें आगामी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। दोनों संस्थाओं ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारियां योजना के अनुसार आगे बढ़ रही हैं।

### 4 दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा- जियो पीछे हटा

8 दिसंबर सोमवार को इकोनॉमिक टाइम्स ने दावा किया गया था कि भारत-श्रीलंका में होने वाले मेंस T20 वर्ल्ड कप से 3 महीने पहले ब्रॉडकास्टर जियोस्टार मैच प्रसारण से पीछे हट गया है। जियोस्टार के पीछे हटने की वजह नुकसान को बताया जा रहा था। रिपोर्ट में कहा गया कि ICC ने सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक किसी भी प्लेटफॉर्म ने कीमत ज्यादा होने की वजह से राइट्स में दिलचस्पी नहीं दिखाई। भारत ICC के रेवेन्यू का करीब 80% हिस्सा देता है, जो क्रिकेट की डिपेंडेंसी दिखाता है। ICC ने 2024 में $474 मिलियन (करीब 4,000 करोड़ रुपए) का सरप्लस कमाया। सरप्लस मतलब ₹अतिरिक्त कमाई₹ या प्रॉफिट (जैसे आपकी सैलरी से खर्चे कटने के बाद जो बचे)।

# फेरों से पहले रख दी 20 लाख और कार की डिमांड

- दुल्हन ने पहुंचाया हवालात

**बरेली.** यूपी के बरेली से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां शुक्रवार देर रात एक बारात में दहेज को लेकर हंगामा हो गया। दरअसल, सात फेरों से पहले दूल्हे ने कार और 20 लाख रुपए मांग रख दी। वर पक्ष ने कहा कि ऐसा न होने पर सात फेरे नहीं होंगे। वधू पक्ष ने भारी भरकम रुपये और कार देने पर असमर्थता जाहिर कर दी। इस पर हंगामा हो गया और पुलिस पहुंच गई। तब दूल्हा सात फेरे लेने के स्थान पर हवालात में पहुंच गया। पुलिस ने दूल्हा समेत छह मामला दर्ज कर लिया है।

कैंट स्थित युगवीणा में धूमधाम से एक बारात पहुंची। वधू पक्ष ने जोरदार स्वागत भी किया लेकिन शादी में फेरों से पहले दूल्हा और उसके परिवार लोग ब्रेजा कार और 20 लाख रुपए मांगने पर अड़ गए। काफी समझाने बाद भी दहेज लोभी नहीं माने। जिसको लेकर बारात में हंगामा हो गया।



जानकारी पर कैंट पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दूल्हा उसके पिता और जीजा को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि दुल्हन पक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, कैंट थाना क्षेत्र सदर बाजार निवासी मुरली मनोहर की बेटी ज्योति की शादी करीब आठ माह पहले नई बस्ती थाना प्रेम नगर निवासी ऋषभ साथ तय हुई थी। मई महीने में लड़की पक्ष ने शहर के एक बड़े होटल में सगाई की थी। जिसमें लड़की पक्ष का तीन लाख खर्च हुआ था। इसके साथ लड़की पक्ष ने लड़के को सोने की अंगूठी चेन और 5 लाख नगद दिए थे। गुरुवार को लड़की पक्ष लग्न लेकर पहुंचे। इस दौरान लड़की पक्ष ने एसी, फ्रिज और वाशिंग मशीन साथ ही बतौर शगुन एक लाख बीस हजार रुपए नगद दिए। शुक्रवार देर रात लड़का पक्ष बारात लेकर पहुंचा। जहां लड़की पक्ष ने काफी धूमधाम से बारात का स्वागत किया। शादी के दौरान फेरों से पहले दूल्हा पक्ष 20 लाख रुपए नगद और एक ब्रेजा कार लेने पर मांग पर अड़ गए। काफी समझाने के बाद भी दूल्हा और उसके परिवार के लोग नहीं माने। आधी रात तक कार न मिलने की बात कहने पर कर का भी नगद भुगतान करने की मांग करने लगे। इसको लेकर बारात में हंगामा हो गया। दूल्हा पक्ष बारात कैंसल कर वापस लौटा कर ले जाने लगे।

# दिल्ली में मां ने दो बेटों के साथ की आत्महत्या

- किराया नहीं चुका पाने की वजह से कोर्ट ने घर खाली करने का आदेश दिया था

**नई दिल्ली.** दिल्ली के कालकाजी इलाके में शुक्रवार दोपहर एक घर में एक ही परिवार के 3 लोगों ने आर्थिक तंगी की वजह से आत्महत्या कर ली। स्थानीय कोर्ट ने उन्हें किराया का घर शुक्रवार तक खाली करने के लिए कहा था।

पुलिस के मुताबिक परिवार पिछले कई महीनों से 25 हजार रुपए मासिक किराया नहीं चुका पा रहा था। इसी वजह से मकान मालिक ने उन्हें बेदखल करने के लिए अदालत का रुख किया था। अदालत ने परिवार को हर हाल में शुक्रवार तक घर खाली करने को कहा था। पुलिस ने बताया कि सामूहिक आत्महत्या की वजह यह हो सकती है। मृतकों में अनुराधा कपूर (52) और उनके दो बेटे आशीष कपूर (32) और वैभव कपूर (27) शामिल है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है कि परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है, इस कारण सामूहिक तौर पर यह कदम उठाया।

# कोलकाता के स्टेडियम में बवाल पर ममता बनर्जी ने मेस्सी से मांगी माफी

- जांच के आदेश

**कोलकाता.** लियोनेल मेस्सी के भारत पहुंचने से पहले ही फुटबॉल प्रेमियों पर उनका खुमार चढ़ गया। वहीं शनिवार को उनकी एक झलक पाने के लिए कोलकाता के युवा भारती क्रीड़ांगन में बड़ी संख्या में फैन इकट्ठा हुए। मेस्सी के आते ही थोड़ी देर में वहां बवाल शुरू हो गया। लोग बोतल फेंकने लगे और कुर्सियों पर खड़े हो गए। इसके बाद आपस में ही मारपीट और तोड़फोड़ शुरू हो गई। दुनिया के सबसे लोकप्रिय फुटबॉल खिलाड़ी की झलक नहीं देखने पर नाराज प्रशंसकों ने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया और मैदान में घुस गए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस कुप्रबंधन पर हैरानी जताई है और इस बवाल की जांच के आदेश दे दिए हैं। ममता बनर्जी ने लियोनेल मेस्सी और उनके फैन्स से इस उपद्रव के लिए माफी मांगी है।



बनर्जी ने कहा, साल्ट लेक स्टेडियम में हुए उपद्रव से मैं बहुत दुखी और हैरान हूं। मैं लियोनेल मेस्सी और उनके फैन्स से माफी मांगती हूं। बता दें कि ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल होने जा रही रही थीं। वह रास्ते में ही थीं तब तक स्डेडियम में बवाल शुरू हो गया।

> 'सिटी ऑफ जॉय' में फुटबॉल प्रशंसकों के लिए जो दिन यादगार होना चाहिए था, वह एक बुरे सपने में बदल गया। स्टेडियम के अंदर अव्यवस्था के चलते मेस्सी की मौजूदगी से अधिक अफरा-तफरी मची रही। मेस्सी के मैदान में आते ही स्थिति बेकाबू हो गई।

**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**
**वैद्यकीय आरोग्य विभाग**

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

दिनांक :- 11/12/2025

**जाहिर आवाहन**

मा. सर्वोच्च न्यायालयाने दिलेल्या निर्देशानुसार उघड्यावर किंवा सार्वजनिक ठिकाणी, रस्त्यावर प्राण्यांना अन्न खाऊ घालण्यास प्रतिबंधीत केले आहे. सर्व नागरिकांना सुचित करण्यात येत आहे की उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या वैद्यकीय आरोग्य विभागामार्फत निश्चित केलेल्या फिडींग स्पॉट व्यतिरिक्त इतर ठिकाणी श्वानांना खाऊ घालण्यास प्रतिबंध करण्यात येत आहे. निश्चित फिडींग स्पॉर्ट व्यतिरिक्त इतर ठिकाणी उघड्यावर श्वानांना खाऊ घालताना आढळ्यास संबंधितांवर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही करण्याल येईल, याची नोंद घ्यावी.

सही/-
(अनंत जवादवार)
उप आयुक्त (वैआवि)
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा क्र.उमपा / पीआरओ/435/2024
दि. 13/12/2025

**संक्षेप...**

### ठाणे शहर में चार दिनों तक 50 प्रतिशत पानी की कटौती



**ठाणे.** पिसे बांध से टेमघर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक ठाणे शहर को पानी सप्लाई करने वाली 1000 mm डायमीटर की पानी की पाइप गुरुवार दोपहर को कल्याण फाटा में महानगर गैस पर एक और जगह पर फिर से टूट गई। वॉटर सप्लाई डिपार्टमेंट ने पानी की पाइप की मरम्मत का काम तुरंत शुरू कर दिया है, लेकिन पाइप पुरानी है और प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट टाइप की है, इसलिए मरम्मत के काम में चार और दिन लगने की संभावना है। इस वजह से ठाणे शहर में पानी की सप्लाई कम हो गई है और शहरों में 50 प्रतिशत पानी की कमी लागू की जा रही है। शहर में पानी के बंटवारे का बैलेंस बनाए रखने के लिए 15 तक हर इलाके में पहले तरीके से दिन में 12 घंटे पानी सप्लाई किया जाएगा। इससे लोगों को पानी की सप्लाई कम और अनियमित होगी। मनपा ने नागरिकों से अपील किया है कि वह पानी का उपयोग सही तरीके से करें।

# ट्रैफिक पुलिस ने 1 करोड़ रुपये की गाड़ियां जब्त की

**■ साल भर रेगुलर इंस्पेक्शन के दौरान 15 चोरी की गाड़ियां बरामद**

**ठाणे.** शहर की ट्रैफिक पुलिस के लगातार जांच के दौरान टीमों ने साल भर में 1 करोड़ रुपये की 15 गाड़ियां जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। 1 जनवरी 2025 से 9 दिसंबर 2025 के बीच चलाए गए इस ऑपरेशन में पुलिस ने एक लग्ज़री ऑडी कार और एक महंगी हार्ले डेविडसन बाइक भी जब्त की है। जब्त गाड़ियों के साथ, गिरफ्तार किए गए गाड़ी चोरों को संबंधित पुलिस थानों को सौंप दिया गया है.यह जानकारी ट्रैफिक पुलिस ने दी। ठाणे, डोंबिवली, कल्याण, विट्ठलवाड़ी, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर और भिवंडी शहर ठाणे पुलिस कमिश्नरेट एरिया में आते हैं. इस एरिया में 35 पुलिस थानों के तहत कुल 18 ट्रैफिक सेल काम कर रहे हैं।ट्रैफिक को रेगुलेट करने, गाड़ियों की जांच करने और नियम तोड़ने वाले ड्राइवरों पर



कार्रवाई करने के लिए समय-समय पर गाड़ियों की जांच की जाती है।

1 जनवरी 2025 से 9 दिसंबर 2025 के बीच ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ियों की जांच की, जिसमें ट्रैफिक ब्रांच को 15 चोरी की गाड़ियां मिली हैं। इन गाड़ियों में एक लग्ज़री ऑडी कार, एक महंगी हार्ले डेविडसन टू-व्हीलर, साथ ही 10 टू-व्हीलर और चार ऑटो रिक्शा शामिल हैं।

चोरी हुई हार्ले डेविडसन जब्त 13 नवंबर 2025 को, उल्हासनगर इलाके में जांच के दौरान, एक महंगी हार्ले डेविडसन टू-व्हीलर जब्त की गई। जब ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर विष्णु शिंदे और ट्रैफिक वार्डन नरेश दलवी ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे थे, तो उन्होंने जवाहर होटल से फॉरवर लाइन चौक की तरफ बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल पर तीन लोगों को आते देखा। जैसे ही ड्यूटी पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें मोटरसाइकिल हटाने के लिए कहा, भीड़ का फायदा उठाकर, उन तीनों ने पुलिस ऑफिसर पर मोटरसाइकिल चढ़ा दी और अंबरनाथ की तरफ भाग गए। उसके बाद, चेसिस नंबर से मोटरसाइकिल का नंबर और मालिक की जानकारी मिली। करीब साढ़े तीन लाख की हार्ले डेविडसन मुलुंड के कुणाल केनी की थी, इसलिए कार नवघर पुलिस स्टेशन को सौंप दी गई।

> ट्रैफिक कंट्रोल करते समय ट्रैफिक पुलिस वाले गाड़ी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स भी मांगते हैं। अक्सर पुलिस की यह पूरी जांच ड्राइवरों के लिए सिरदर्द और दबाव वाली होती है हर ड्राइवर को हेलमेट और जिस गाड़ी को वे चला रहे हैं, उससे जुड़े डॉक्यूमेंट्स अपने साथ रखने चाहिए, ताकि जांच के दौरान कोई परेशानी न हो।
> **-पंकज शिरसाट, उपायुक्त ट्रैफिक पुलिस ठाणे**

# प्रेग्नेंट महिला के पेट पर लात मारी, बच्चे की मौत

**कल्याण.** एक दोस्त की टोपी दूसरे दोस्त ने पहनी हुई थी, यह देखकर बिगर कांबले ने उसे उतारकर पहले दोस्त को दे दिया। इसके बाद हुई बहस के कारण चारों ने दोनों को बुरी तरह पीटा। इसी बीच, आरोपियों ने शिकायत करने वाली महिला की प्रेग्नेंट चाची के पेट पर ज़ोर से लात मारी, जो लड़ाई सुलझाने के लिए आगे आईं, जिससे उनके पेट में पल रहे बच्चे को चोट लग गई और उनकी मौत हो गई। यह घटना कल्याण के पास मोहने इलाके में हुई।

घायल चाची का मुंबई के सायन हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, और इस बारे में खड़कपाड़ा पुलिस में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। आरोपियों के नाम बाबा उर्फ नवाब शेख (24), अप्सर शेख (35), शब्बीर शेख (30) और शाहरुख असलम शेख (27) हैं।

# उल्हासनगर में दो 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर'

**■ मुफ़्त चेक-अप, मुफ़्त इलाज**

**उल्हासनगर:** म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन हेल्थ डिपार्टमेंट ने राज्य सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक 15वें वित्त आयोग के तहत दो नए 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर - नागरी आरोग्यवर्धिनी केंद्र' शुरू किए हैं, और इन दोनों सेंटर का उद्घाटन समारोह मेडिकल हेल्थ ऑफिसर डॉ. मोहिनी धर्मा ने किया।

ये सेंटर बेफिकरी चौक, मोहनदास गिडवानी (उल्हासनगर-2) और गुरुनानक स्कूल के पास, कुर्ला कैंप, (उल्हासनगर-4) में शुरू किए गए हैं, जिनसे लोगों को आसान, मुफ़्त और अच्छी हेल्थकेयर सुविधाएँ मिली हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम में सिटी प्रोग्राम मैनेजर डॉ. विद्या चव्हाण, सिटी अकाउंट्स मैनेजर दिनेश सरोदे के साथ-साथ अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर के सभी मेडिकल ऑफिसर और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। नई पहल का स्वागत करते हुए,



मौजूद लोगों ने भरोसा जताया कि ये सेंटर लोगों को प्राइमरी हेल्थकेयर सुविधाएँ और भी अच्छे से देंगे।

'आयुष्मान आरोग्य मंदिर - नागरी आरोग्यवर्धिनी केंद्र' नागरिकों को प्रिवेंटिव सर्विसेज़, रेगुलर वैक्सीनेशन, मैटरनल और चाइल्ड हेल्थ सर्विसेज़, फैमिली प्लानिंग, ट्यूबरक्लोसिस समेत अलग-अलग नेशनल हेल्थ प्रोग्राम्स को लागू करना, और आम बीमारियों के लिए डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट सर्विसेज़ फ्री में देंगे। नागरिकों को ज़रूरत पड़ने पर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों और रेफरल सर्विसेज़ का भी फायदा मिलेगा।

कमिश्नर मनीषा अव्हाले ने कहा कि यह एक ज़रूरी सुविधा है जिसे म्युनिसिपल एरिया के नागरिकों की हेल्थ को और बेहतर बनाने के मकसद से शुरू किया गया है, और सभी हेल्थ सर्विसेज़ सरकारी गाइडलाइंस के हिसाब से फ्री में दी जाएंगी।

# मनपा अधिकारियों की लापरवाही से मानसरोवर की हालत खराब

**■ पूर्व पार्षद श्याम अग्रवाल ने दी आंदोलन की चेतावनी**

**भिवंडी.** भिवंडी शहर के पाश रहिवासी एरिया मानसरोवर हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की हालत मनपा अधिकारियों की लापरवाही के कारण पूर्णतया बदहाल हो चुकी है.प्रशासक राज में मानसरोवर की सड़क सहित गटर,नाला टूट फुटकर बिखर चुके हैं. सड़क की लाइटें रात में अधिकाश बंद होने से अंधेरा छाया होने से महिलाओं को सुरक्षा का डर सताता है. शत-प्रतिशत मनपा टैक्स अदायगी के बावजूद नागरिकों को आवश्यक



मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं.मनपा अधिकारियों से बारम्बार शिकायत के बाद भी कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है.उक्त



आरोप लगाते हुए मनपा पूर्व सभागृह नेता एवं स्थानीय पार्षद अग्रवाल ने भिवंडी मनपा आयुक्त,प्रशासक अनमोल सागर को लिखित शिकायत पत्र देकर जल्द समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की है अन्यथा मनपा प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है.

**सभी सुविधाएँ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में**



पूर्व पार्षद श्याम अग्रवाल ने मनपा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भारी नाराजगी जताते हुए कहा है कि,भिवंडी मनपा द्वारा मानसरोवर एरिया से मनपा टैक्स की शत प्रतिशत वसूली होने के बावजूद मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया कराए जाने में पूर्णतया असफल है जो हजारों नागरिकों के साथ घोर अन्याय है.पूर्व पार्षद अग्रवाल ने मनपा प्रशासन पर मानसरोवर रहिवासी क्षेत्र की अनदेखी किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि,अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मनपा प्रशासन की होगी.

गौरतलब हो कि,मानसरोवर रहिवासी एरिया की दुर्दशा और अधिकारियों की घोर लापरवाही के बारे में आयुक्त अनमोल सागर को दिए शिकायती पत्र में पूर्व पार्षद श्याम अग्रवाल ने बताया है कि,शहर का पाश एरिया मानसरोवर प्रशासक राज के कार्यकाल करीब 3 वर्षों में पूरी तरह खराब,बदहाल हो गई है.मेरे पार्षद कार्यकाल के दौरान निर्मित हुई सड़क,गटर समुचित रिपेयरिंग नहीं होने से टूट कर बिखर जाने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई झेलनी पड़ रही है.बरसात के बाद भी सड़कों की दुरुस्ती नहीं होने से सड़क पर भारी भरकम गड्ढे होने से लोगों को पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है.पाश रहिवासी क्षेत्र में सड़क किनारे खुली गटरों पर ढक्कन नहीं होने से गटरों में कचरा पड़ा दुर्गंध फैला रहा है जिससे मच्छर पनप कर बीमारियों को फैला रहे हैं. क्षेत्र में साफ सफाई भी मनपा कर्मियों द्वारा ठीक से नहीं किए जाने की वजह से सड़क के दोनों किनारे कचरे का अंबार डस्टबिन के बाहर गिरा होता है.स्वच्छ हवा भी लोगों को नसीब नहीं है.

# रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी का अस्थमा कैंप सम्पन्न



**■ 350 रोगियों ने उठाया औषधि का मुफ्त लाभ**

**भिवंडी.** रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी द्वारा मानव सेवा को ईश्वरीय सेवा मानते हुए कापड़ बाजार सदावर्त संस्था भिवंडी के सौजन्य से 28 वें वर्ष लगातार पूर्णिमा के अवसर पर चाचा नेहरू हिन्दी हाईस्कूल प्रांगड़ में अस्थमा पीड़ितों की खातिर मुफ्त औषधि शिविर का आयोजन किया गया. भिवंडी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी पाड़ा से आए करीब 350 रोगियों ने चंद्रमा की रोशनी में कांच की कटोरी में खीर के साथ औषधि मिलाकर दवा का सेवन किया. उक्त मौके पर रोटरी प्रेसीडेंट रमेश मालानी, सेक्रेट्री प्रदीप राका, सीनियर रोटेरियन प्रोजेक्ट चेयरमैन पुरुषोत्तम दास पटेल, महेश कुमावत, इलियास मेमन, महेश आंग्रे, राजेश पालीवाला, पराग मेहता, दीपक गांधी, सुरेश गरेला, जयकुमार थेरानी, गुरुप्रसाद सिंह, कृषभ मेहता, मुरली हेडा, बशीर मेमन, सुरेन्द्र बजाज आदि अन्य गणमान्य रोटेरियन उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी प्रेसिडेंट रमेश मलानी एवं सेक्रेट्री प्रदीप राका के कुशल नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी चौक स्थित चाचा नेहरू हिन्दी हाईस्कूल प्रांगड़ में मुफ्त औषधि अस्थमा शिविर का आयोजन रोटरी सदस्यों द्वारा किया गया. रात्रि 9 बजे से ही अस्थमा पीड़ितों का जमावड़ा स्कूल प्रांगड़ के खुले आसमान के नीचे बिछाई गई दरी पर होना शुरू हुआ जो रात्रि करीब 12 बजे तक अनवरत चलता रहा.मध्यरात्रि के दौरान अस्थमा पीड़ितों द्वारा लाई गई कांच की कटोरी में रोटरी सदस्यों ने जड़ी बूटी की दवा के साथ खीर का वितरण कर कटोरी को चंद्रमा की खुली रोशनी में रखकर बैठने को कहा जिससे चंद्रमा की रोशनी कटोरी में पूर्णतया समाहित होकर अपना असर डाल सके.

# SST महाविद्यालय की एकांकीका 'पाकीटमार रंगमंडल' लोकांकीका राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के अंतिम चरण में

**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय की ड्रामानॉमिक्स टीम द्वारा प्रस्तुत एकांकीका 'पाकीटमार रंगमंडल' ठाणे विभागीय लोकसत्ता लोकांकीका मराठी एकांकीका प्रतियोगिता में प्रभावी ठरकर राज्यस्तरीय अंतिम चरण के लिए चयनित हुई है। छात्रों के जीवंत अभिनय, निर्देशन की सूक्ष्मता और कथानक की प्रभावी प्रस्तुति ने परीक्षकों का मन जीतते हुए यह स्थान मिळवाया।

राज्यभर के महाविद्यालयीन नाट्यसंघों में प्रतिष्ठित मानी जाने



वाली इस प्रतियोगिता में ठाणे विभाग से टॉप 5 में स्थान प्राप्त करना एसएसटी महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। कड़े अभ्यास, संवादों पर मेहनत और मंच पर उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर इस सफलता की नींव रखी गई। ठाणे के डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में होने वाले अंतिम चरण में एसएसटी की ड्रामानॉमिक्स टीम महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्रों में उत्साह, तैयारी और जीतने की प्रबल इच्छा स्पष्ट दिखाई दे रही है।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी संयोजक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ. तुषार वाकसे, ड्रामानॉमिक्स विभागप्रमुख प्रो. सुदर्शन पाटिल, प्रो. सदान जावरे, सभी शिक्षक, कर्मचारीवर्ग और विद्यार्थियों ने टीम का अभिनंदन करते हुए अंतिम चरण के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

# मीरा रोड के प्लेजेंट पार्क इलाके में भीषण आग

**■ हालात पर काबू पाने के लिए कई घंटों तक आग बुझाने का काम चलता रहा**

**मीरा रोड.** शनिवार सुबह मीरा रोड (ईस्ट) के प्लेजेंट पार्क इलाके में भीषण आग लग गई, जिससे आस-पास के मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन के लोगों में दहशत फैल गई। आग मीरा-भायंदर इलाके में जांगिड़ एस्टेट के पास लगी, जिसमें कई सौ मीटर दूर से भी बड़ी लपटें और घना काला धुआं दिखाई दे रहा था। फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और हालात पर काबू पाने के लिए कई घंटों तक आग बुझाने का काम चलता रहा।

भीषण आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि आग सिलेंडर ब्लास्ट की वजह से लगी। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, किसी के घायल होने या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, हालांकि अधिकारी प्रॉपर्टी के नुकसान का अंदाज़ा लगा रहे हैं।




# जन्मदिन पर रजनीकांत ने तिरुपति में लिया आशीर्वाद



**■ परिवार के साथ पहुंचे थलाइवा**

**■ फैन्स का किया खास अभिवादन**

**सा**उथ सुपरस्टार रजनीकांत ने 12 दिसंबर को अपना 75वां जन्मदिन मनाया। इसके अगले दिन, शनिवार को वे अपने परिवार के साथ भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लेने तिरुमला तिरुपति मंदिर पहुंचे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में रजनीकांत अपनी पत्नी लता और बेटियों सौंदर्या व ऐश्वर्या के साथ मंदिर में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनके साथ उनके नाती यात्रा राजा भी दिखाई दिए, जो मंदिर परिसर से बाहर निकलते समय सुपरस्टार का सहारा बनते नजर आए।

इसके बाद रजनीकांत और उनके परिवार ने मीडिया के सामने तस्वीरों के लिए पोज दिए। वहीं थलाइवा की एक झलक पाने के लिए जुटी फैंस की भीड़ को देखकर रजनीकांत ने सभी का अभिवादन किया और अपने खास अंदाज में हाथ हिलाकर उनका स्वागत किया।

बता दें, रजनीकांत के 75वें जन्मदिन पर उनकी 1999 की हिट फिल्म पड़ायप्पा थिएटर्स में 4K वर्जन में रिलीज की गई। यह उनकी सिनेमा में 50 साल पूरे होने के जश्न के मौके पर आई। फैंस ने इस री-रिलीज को एक त्योहार की तरह मनाया।

इसके अलावा, रजनीकांत की आने वाली फिल्म जेलर 2 अगले साल रिलीज हो सकती है।

### पीएम मोदी ने रजनीकांत को किया था बर्थडे विश

थलाइवा के जन्मदिन के खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घ आयु की कामना की थी। साथ ही उन्होंने रजनीकांत के फिल्म इंडस्ट्री में 50 साल पूरे करने पर भी शुभकामना दी।

# जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने स्वास्थ्य विभाग का लिया जानकारी

**ठाणे.** जिला स्वास्थ्य विभाग के ज़रिए कई तरह के उपाय किए जा रहे हैं ।जिलाधिकारी और कमेटी के चेयरमैन डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल की अध्यक्षता में आज जिलाधिकारी कार्यालय में एक रिव्यू मीटिंग हुई ।इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. पांचाल ने संबंधित डिपार्टमेंट के अधिकारियों को प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले फर्जी डॉक्टरों को ढूंढने के लिए तुरंत उपाय करने के निर्देश दिए ।जिला स्वास्थ्य विभाग के ज़रिए कई तरह के उपाय किए जा रहे हैं। इन अलग-अलग सुविधाओं का रिव्यू करने के लिए आज जिलाधिकारी कार्यालय में एक रिव्यू मीटिंग हुई ।इस समय जिलाधिकारी डॉ. पांचाल ने स्वास्थ्य विभाग के सिस्टम का रिव्यू किया। इस मीटिंग में आयुष्मान कार्ड कमेटी, 15 वें फाइनेंस कमीशन रिव्यू मीटिंग,जिला लेवल रूटीन वैक्सीनेशन टास्क फोर्स कमेटी,जिला लेवल कम्युनिकेबल डिजीज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल कमेटी, एनवायरनमेंटल चेंज एंड ह्यूमन जिला स्वास्थ्य लेवल टास्क फोर्स कमेटी,जिला लेवल फर्जी डॉक्टर सर्च एंड रिव्यू कमेटी के ज़रिए इन मुद्दों पर डिटेल में चर्चा की गई। आयुष्मान कार्ड के बारे में जागरूकता पैदा करना ज़रूरी है। साथ ही, मरीजों के साथ आने वाले साथियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जागरूक किया जाए। इस मीटिंग में, अगर पॉल्यूशन बोर्ड हर छह महीने में जिला लेवल टास्क फोर्स कमेटी ऑन एनवायरनमेंटल चेंज एंड ह्यूमन हेल्थ के ज़रिए स्वास्थ्य विभाग को पॉल्यूशन, ग्लोबल वार्मिंग और एनवायरनमेंटल बदलावों से होने वाली सांस और स्किन की बीमारियों के बारे में जानकारी देता है, तो इससे स्वास्थ्य विभाग को उनका ध्यान रखने में मदद मिलेगी। मौजूदा समय में पॉल्यूशन कम करने के लिए इलेक्ट्रिक गाड़ियों का इस्तेमाल,

### अवैध रूप से रखे गए गैस सिलेंडर जब्त

**कल्याण.** डोम्बिवली में एमआईडीसी क्षेत्र में अवैध रूप से रखे गए 1,839 गैस सिलेंडर और 67 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सात वाहन जब्त किए गए हैं।

मुंबई नागरिक आपूर्ति विभाग की एक विशेष सतर्कता टीम ने डोम्बिवली (पूर्व) के फेज-दो में घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण का पता लगाया।

### छत का प्लास्टर गिरने से व्यक्ति की मौत

**ठाणे.** ठाणे जिले में शनिवार को सात मंजिला इमारत में स्थित फ्लैट की छत का प्लास्टर गिर गया। इस घटना में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत और उसकी पत्नी व बेटा घायल हो गए। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन ताडवी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 साल पुरानी यह इमारत खतरनाक श्रेणी में शामिल नहीं है। यह घटना करुमदेव सोसाइटी में तड़के करीब तीन बजे हुई। जिस समय फ्लैट के हॉल की छत का प्लास्टर गिरा, उस समय वहां चार लोग सो रहे थे।







यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099